खरीफ सीजन : 108 .90 हजार हेक्टेयर में बोनी कार्य पूर्ण

158 .95 हजार हेक्टेयर में खरीफ की बुवाई करने का लक्ष्य, मक्का का बढ़ाया गया रकवा धान का घटा क्षेत्रफल

नवभारत न्यूज

सीधी 10 अगस्त। जिले में खरीफ सीजन की बोनी का कार्य 108.90 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में पूर्ण हो चुका है। जिले में इस बार 158.95 हजार हेक्टेयर में खरीफ की बुवाई कराने का लक्ष्य रखा गया है। खरीफ सीजन में वर्षा के मद्देनजर मक्का का रकवा बढ़ाया गया है तथा धान का क्षेत्रफल घटाया गया है।

31 जुलाई 2026 की स्थिति में जिले में 108.90 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में बोनी का कार्य किया जा चुका है। बोनी का कार्य अभी अनवरत रूप से चल रहा है। गत वर्ष 146.55 हजार हे. क्षेत्र में बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जबकि इस वर्ष मामूली बढ़ोत्तरी करते हुए जिले में 158.95 हजार हे. में खरीफ की बुवाई का प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें धान, मक्का, बाजरा, ज्वार, कोदो-कुटकी, तुअर, उड़द, मूंग, तिल आदि शामिल है। दूसरी ओर प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के साथ ही किसानों द्वारा बोनी का कार्य शुरू कर दिया गया था। कृषि विभाग द्वारा इस वर्ष जिले में खरीफ सीजन के लिए जो क्षेत्राच्छादन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। उसमें धान का प्रस्तावित रकवा 120.25 हजार हे. क्षेत्र है जबकि वर्ष 2025 में 94.00 हजार हे. क्षेत्र में धान की बोनी का रकवा था। बताया कि फसलों को विभिन्न बीमारियों से बचाने व अच्छे के लिए बीजोपचार आवश्यक है। देर से बारिश होने एवं अल्पवर्षा की स्थिति के चलते कृषि विभाग द्वारा जिले में कृषकों को कम पानी में पकाने वाली फसलें मूंग, उड़द, अरहर, तिल, कोदौ, कुटकी व रागी लगाने की सलाह मैदानी अधिकारियों द्वारा दी जा रही है।

खरीफ फसलों के क्षेत्राच्छादन की स्थिति

फसल	वर्ष 2024	वर्ष 2025	वर्ष 2026 (31 जुलाई तक)
धान	94 .13	94 .00	74 .10
मक्का	6 .40	6 .50	3 .15
बाजरा	0 .05	0 .00	0 .00
ज्वार	0 .60	0 .60	0 .45
कोदो-कुटकी	3 .72	3 .80	3 .75
तुअर	12 .46	14 .00	9 .30
उड़द	7 .62	7 .70	7 .60
मूंग	3 .29	3 .30	3 .35
तिल	16 .59	16 .60	7 .20
कुल	**144 .84**	**146 .55**	**108 .95**

इनका कहना है

सीधी जिले में करीब 80 प्रतिशत बोनी का कार्य अभी तक पूर्ण हो चुका है। धान का रोपा लगाने का कार्य काफी तेजी के साथ चल रहा है। अनुमान है कि करीब 10 दिनों में खरीफ सीजन की बोनी का कार्य लक्ष्य से अधिक हो जायेगा। **आर .एस .गुप्ता, डीडीए कृषि विभाग सीधी**

पुलिस ने लगभग 400 आवासों में लगाया राष्ट्रीय ध्वज

हर घर तिरंगा अभियान : सीधी पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

नवभारत न्यूज

सीधी 10 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस 2026 के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा संचालित हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत सीधी पुलिस द्वारा जिले में व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मानए देशभक्ति की भावना तथा राष्ट्रीय पर्वों के प्रति सहभागिता को बढ़ावा देना है।

पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में 9 से 17 अगस्त तक जिलेभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से आमजन को अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा स्वतंत्रता दिवस को पूरे उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में 10 अगस्त को रक्षित निरीक्षक वीरेन्द्र कुमरे के नेतृत्व में पुलिस आवासीय कॉलोनी नौढ़िया, 84 क्वार्टर, न्यू अजाक कॉलोनी एवं पुलिस लाइन आवासीय परिसर में सघन अभियान चलाकर लगभग 400 आवासों में राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किए गए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं उसके महत्व के संबंध में नागरिकों को जागरूक करते हुए हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

सीधी पुलिस की अपील- सीधी पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता एवं गौरव का प्रदर्शन करें तथा हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

न्यायाधीश की स्मृति में नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी 10 अगस्त। ऋषिकेश फाउंडेशन के तत्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य संरक्षण के अंतर्गत न्यायाधीश ऋषि तिवारी की स्मृति में 44वें नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन ऋषिकेश आश्रम बड़ा बांध में किया गया। शिविर में कुल 51 मरीजों की आंखों की गहन जांच की गई एवं उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।

जांच उपरांत मोतियाबिंद से पीड़ित 12 मरीजों का चयन किया गयाए जिन्हें फाउंडेशन की ओर से उसी दिन नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चित्रकूट रवाना कर दिया गया। मरीजों के आवागमन, आवास एवं चिकित्सा की संपूर्ण व्यवस्थाएं फाउंडेशन द्वारा पूर्णत: नि:शुल्क की गई हैं। शिविर में पहुंचे सभी आगंतुकों एवं मरीजों के लिए जलपान, फल तथा बिस्किट की विशेष व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त चित्रकूट रवाना होने वाले मोतियाबिंद के मरीजों को यात्रा के लिए फल, बिस्किट एवं स्वल्पाहार पैकेट भेंट किए गए।

तनावमुक्त प्रबंधन एवं सकारात्मक जीवनशैली पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी 10 अगस्त। जिला पंचायत सभागार में समय-सीमा बैठक के पूर्व तनावमुक्त प्रबंधन एवं सकारात्मक जीवनशैली विषय पर जिलास्तरीय कार्य शाला आयोजित की गई। कार्य शाला में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोगी श्रीकांत एवं डॉ.रामाजायम ने तनाव प्रबंधन, नशामुक्ति, सकारात्मक सोच तथा जीवन में आत्म-अनुशासन के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

कार्यशाला में विशेष रूप से नशामुक्ति के विषय पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने तम्बाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति की कार्यक्षमता और स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ-साथ उसके पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। नशे से दूरी बनाकर स्वस्थ और संतुलित जीवन की ओर बढ़ा जा सकता है। इस अवसर पर नशामुक्त भारत से स्वस्थ भारत का संदेश दिया गया। कार्यशाला में वर्तमान समय में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग पर भी विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मोबाइल और डिजिटल तकनीक आज आवश्यक साधन बन चुके हैं, लेकिन इनका अनावश्यक एवं अत्यधिक उपयोग समय की बर्बादी के साथ एकाग्रता और कार्यक्षमता को भी प्रभावित करता है। इसलिए मोबाइल का उपयोग आवश्यकता एवं उद्देश्य के अनुरूप करने तथा बचाए गए समय का उपयोग रचनात्मक और सकारात्मक गतिविधियों में करने की सलाह दी गई। वक्ताओं ने कहा कि नियमित योग एवं ध्यान से शरीर और मन के बीच संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलती है तथा तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और सकारात्मक सोच विकसित करने में मदद मिलती है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपनी दैनिक दिनचर्या में योग, प्राणायाम और ध्यान के लिए नियमित समय निर्धारित करने का आग्रह किया। स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक विचारों को बेहतर कार्यक्षमता एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए योग को केवल अभ्यास नहीं बल्कि स्वस्थ जीवनशैली के रूप में अपनाने का संदेश दिया गया। कलेक्टर विकास मिश्रा ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि तनावमुक्त एवं सकारात्मक मन से कार्य करने पर कार्यक्षमता, निर्णय क्षमता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता में वृद्धि होती है।

नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत के तहत सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 10 अगस्त। मेरा युवा भारत सीधी के तत्वाधान में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन शासकीय अग्रणी संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा नशा मुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभाकर सिंह प्राचार्य शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी रहे। उन्होंने अपने आशीर्वचन में युवाओं को नशे से दूर रहने तथा समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आर.के.सिंह संयोजक, प्रो.उमाकांत साहू तथा कुलदीप सिंह जिला युवा अधिकारी सहित अन्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिताओं में युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिताओं में नुक्कड़ नाटक में वागीश कुमार मिश्रा एवं टीम भाषण प्रतियोगिता में स्नेहल सिंह चौहान, रील मेकिंग में सुमित केवट, स्लोगन लेखन में चित्रांगना सिंह, कविता लेखन में रोहित कुमार पाण्डेय, लोकगीत में अजय पाण्डेय एवं टीम तथा चित्रकला में चंचल सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में एम.पी.द्विवेदी लेखा एवं कार्यक्रम समन्वयक सीधी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिवांशु, कमलेश, पिंटू, संजय, महेन्द्र एवं प्रतिभा ने स्वयंसेवक के रूप में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

श्री गुरु बजरंग संघ मातृशक्ति संगठन ने मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा का लिया निर्णय

नवभारत न्यूज

सीधी 10 अगस्त। श्री गुरु बजरंग संघ अखिल भारतीय मातृशक्ति संगठन सामूहिक हनुमान चालीसा को ज्यादा से ज्यादा मंदिरों में शनिवार एवं मंगलवार को करने का निर्णय लिया है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन का महीना भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना माना जाता है। इस दौरान की गई पूजा, जप, तप और व्रत का कई गुना फल मिलता है। खासतौर पर सोमवार के दिन शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित कर भगवान शिव की पूजा की जाती है। इसी तारतम्य में शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में श्री गुरु बजरंग संघ अखिल भारतीय मातृशक्ति संगठन चालीसा प्रभारी श्रीमती सरल तिवारी द्वारा कॉलोनी की मातृशक्तियों के साथ भजन कीर्तन 11 दोहा रामायण हुआ। माना जाता है कि ऐसा करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। पंचमुखी शिव शंकर मंदिर उत्तरी करौंदिया हनुमान चालीसा प्रभारी नगर सहसंयोजिका श्रीमती शारदा सिंह एवं मंदिर संस्थापक सदस्य कृष्ण गोपाल गुप्ता द्वारा प्रतिदिन भजन कीर्तन एवं प्रसाद वितरण किया जाता है। मान्यता है कि सावन सोमवार का व्रत रखने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। इससे वैवाहिक जीवन में मधुरता आती है, करियर और कारोबार में आने वाली रुकावटें दूर होती हैं और परिवार में सुख.शांति बनी रहती है। शिव मंदिर गोपाल दास आश्रम प्रांगण चालीसा प्रभारी श्रीमती वंदना द्विवेदी द्वारा भी प्रतिदिन भजन कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है। कई श्रद्धालु पूरे दिन व्रत रखकर शाम को पूजा के बाद फलाहार करते हैं।

एक नजर में

इसीनेट बना निर्वाचन सेवाओं का डिजिटल प्लेटफार्म

सीधी। भारत निर्वाचन आयोग का इसीनेट नामक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म उपयोगिता के लिहाज से लोकप्रिय हो रहा है। आयोग के इस मोबाइल ऐप को लगभग 10 करोड़ 80 लाख यूजर्स ने डाउनलोड किया है। यह प्लेटफॉर्म निर्वाचन संबंधी सभी जानकारी एवं सेवाओं के लिए एक समग्र डिजिटल मंच है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का कहना है कि इसीनेट का विकास पूर्णत: विधिक प्रावधानों के अनुरूप है। यह प्लेटफॉर्म हिन्दी-अंग्रेजी सहित संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में उपलब्ध है। सूचना प्रौद्योगिकी की महानिदेशक डॉ .सीमा खन्ना ने अनुसार इस मोबाइल ऐप को कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल पर प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकता है। उन्होंने बताया कि आज प्रौद्योगिकी केवल सहायक व्यवस्था नहीं बल्कि एक रणनीतिक सशक्त माध्यम बन चुकी है। इसीनेट चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता, विश्वसनीयता तथा जनविश्वास को और मजबूत कर रहा है। अब मतदाता, चुनाव अधिकारी, राजनीतिक दल एवं अन्य हितधारकों को एक ही प्लेटफॉर्म पर सभी प्रमुख निर्वाचन सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके माध्यम से मतदाता पंजीकरण, निर्वाचक नामावली में खोज, आवेदन की स्थिति की जानकारी, उम्मीदवार संबंधी जानकारी, निर्वाचन अधिकारियों से संपर्क, बूथ स्तरीय अधिकारी से कॉल बुक करने की सुविधा, ई-ईपिक डाउनलोड, मतदान रुझान तथा शिकायत निवारण सहित अनेक महत्वपूर्ण सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध है।

मलेरिया-डेंगू की रोकथाम के लिये स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

सीधी। जिले में मलेरिया एवं डेंगू जैसे मच्छरजनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतत निगरानी, जांच और जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिला मलेरिया अधिकारी हरिओम सिंह ने बताया कि 1 जनवरी से 31 जुलाई 2026 तक जिले में 88,545 बुखार रोगियों की जांच की गई, जिसमें 7 मलेरिया पॉजिटिव प्रकरण पाए गए। इसी अवधि में जिले में 18 डेंगू पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं। वर्ष 2026 में पाए गए 7 मलेरिया पॉजिटिव प्रकरणों में 3 पीव्ही एवं 4 पीएफ के प्रकरण शामिल हैं। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि 1 जनवरी से 31 दिसम्बर 2025 तक जिले में कुल 1,91,516 बुखार रोगियों की जांच की गई थी। इनमें 47 मलेरिया पॉजिटिव प्रकरण पाए गए। इनमें 23 पीव्ही, 19 पीएफ तथा 5 मिश्रित मलेरिया के प्रकरण शामिल थे। वर्ष 2025 में कुल 49 डेंगू पॉजिटिव मरीज पाए गए थे। डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरों से सुरक्षित रहना आवश्यक है। नागरिक मच्छरदानी, मच्छररोधी साधनों तथा खिड़की-दरवाजों पर जाली का उपयोग करें और शरीर को यथासंभव ढककर रखें। डेंगू फैलाने वाला मच्छर मुख्यत: दिन के समय सक्रिय रहता है, जबकि मलेरिया का मच्छर शाम एवं रात के समय अधिक सक्रिय होता है। इसलिए दिन और रात दोनों समय मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा कि मलेरिया एवं डेंगू की रोकथाम में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रत्येक नागरिक अपने घर, कार्यस्थल और आसपास पानी का जमाव रोकने के साथ परिवार एवं पड़ोस के लोगों को भी मच्छरजनित रोगों से बचाव के लिए जागरूक करे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में मलेरिया एवं डेंगू की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। बुखार रोगियों की जांच, रोगियों की पहचान तथा आवश्यकतानुसार संबंधित क्षेत्रों में रोकथाम एवं जागरूकता गतिविधियां जारी हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि स्वच्छता और सावधानी को अपनी दैनिक आदतों में शामिल करें तथा बुखार होने पर समय पर जांच एवं उपचार कराएं।

वन व्यवस्थापन को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी 10 अगस्त। वन व्यवस्थापन के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की।

इस दौरान वन व्यवस्थापन से संबंधित विभिन्न प्रावधानों, प्रक्रियाओं एवं विभागीय दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा कार्यवाही के दौरान आने वाली व्यावहारिक आवश्यकताओं एवं आपसी समन्वय के विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि वन व्यवस्थापन से संबंधित सभी कार्यवाहियां शासन के निर्देशों एवं निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्यवाही को प्रभावी एवं समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन व्यवस्थापन से संबंधित कार्यवाही गोपद बनास एवं कुसमी क्षेत्र से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए प्राप्त अनुभवों के आधार पर आगे की प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए। कार्यशाला में अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने तथा शासन की मंशा के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीएफओ प्रीती अहिरवार, एडीएम बीपी पाण्डेय सहित समस्त उपखंड अधिकारी एवं वन विभाग के एसडीओ उपस्थित रहे।

हर घर तिरंगा अभियान से राष्ट्रप्रेम के रंग में रंगा सीधी, गांव-गांव गूंज रहे देशभक्ति के नारे

नवभारत न्यूज

सीधी 10 अगस्त। जिले में 9 से 17 अगस्त तक आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का उत्साह देखने को मिल रहा है।

जिले के गांवों से लेकर शहर तक तिरंगा रैली, प्रभात फेरी, जनजागरूकता गतिविधियों और देशभक्ति के नारों से वातावरण राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत हो गया है। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी पूरे उत्साह के साथ अभियान में सहभागी बन रहे हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर तिरंगा रैली, प्रभात फेरी एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ा जा रहा है। तिरंगा हाथों में लेकर निकले ग्रामीणों की रैलियों में जनभागीदारी की झलक साफ दिखाई दे रही है। ग्रामीणजन पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में शामिल होकर देशभक्ति के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे हैं। कई स्थानों पर बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ रैलियों में शामिल हो रहे हैं, वहीं महिलाएं, युवा एवं बुजुर्ग भी उत्साहपूर्वक अभियान का हिस्सा बन रहे हैं।

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान और हर घर तिरंगा अभियान पर विशेष फोकस

नवभारत न्यूज

सीधी 10 अगस्त। कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा बैठक में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान, हर घर तिरंगा अभियान एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई की लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण तथा आमजन को निर्धारित सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि इस सप्ताह विकासखंड सीधी में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई से संबंधित लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एल-1 स्तर पर शिकायतों का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए और शिकायतों को अनावश्यक रूप से अगले स्तर पर भेजने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत यह प्रक्रिया सभी विकासखंडों में सतत रूप से जारी रहेगी।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के छात्रावासों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी छात्रावासों में बच्चों के साथ भोजन कर व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण करें। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन एवं स्वास्थ्य परीक्षण को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समय-सीमा के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण बैठक के अंत में विभिन्न विभागों के समय-सीमा में लंबित प्रकरणों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की गई।

हर घर तिरंगा अभियान में दिखे व्यापक जनसहभागिता

बैठक में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भी विस्तृत कार्ययोजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि 9 से 17 अगस्त तक आयोजित अभियान को राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना के साथ व्यापक जनभागीदारी से सफल बनाया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम बनकर न रहे, बल्कि इसे जन-जन का अभियान बनाया जाए। अभियान के दौरान वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर को भी विशेष रूप से रेखांकित किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में

कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में प्रात: 9 बजे आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। समारोह में मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि 13 अगस्त को अंतिम ड्रेस रिहर्सल अनिवार्य रूप से पूर्ण कर ली जाए तथा सभी संबंधित विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। 14 एवं 15 अगस्त को जिले के सभी शासकीय भवनों में रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए।